**Q. 7. How did Lencho react after receiving the money?**
**धन प्राप्त करने के बाद लेन्चो की क्या प्रतिक्रिया थी?**

**Or**

**Why did Lencho call the post office employees 'a bunch of crooks'?**
**लेन्चो ने डाकघर के कर्मचारियों को 'बदमाशों का समूह' क्यों कहा?**

Ans. On receiving the money, Lencho was not surprised. He firmly believed that it was God who had sent him the money. When he counted the money, he Ans. On receiving the money, Lencho was not surprised. He firmly believed found that it was only 70 pesos in place of a hundred pesos that he had asked for. Suspecting a human hand behind that mistake, he became angry. He wrote another letter to God to send him the rest of the money, not through mail as, he thought, the post office employees were a bunch of crooks.

धनराशि प्राप्त करने पर लेन्चो आश्चर्यचकित नहीं हुआ। उसका दृढ़ विश्वास था कि ईश्वर ने ही उसे धनराशि भेजी थी। जब उसने धनराशि को गिना तो उसने पाया कि ये केवल 70 पेसोज थे, न कि 100 पेसोज जो उसने माँगे थे। इस गलती के पीछे किसी मनुष्य का हाथ होने का संदेह करते हुए वह क्रोधित हो गया। उसने ईश्वर को एक पत्र और लिख दिया कि वह शेष धनराशि भेज दे, डाक से नहीं, क्योंकि वह सोचता था कि पोस्ट ऑफिस के कर्मचारी बेईमान लोगों का एक समूह था।

**Q. 8. Draw a character-sketch of Lencho. लेन्चो का चरित्र-चित्रण कीजिए।**

Ans. Lencho is a hard-working farmer who works hard in his fields like an animal. He also knows how to write. He predicts rain and welcomes it. When there is hailstorm, he becomes very sad. He has full faith in God. He expects help from God when his crop is destroyed. He has faith that no one dies of hunger. He writes a letter to God for his help. Thus, he is simple by nature also.

लेन्चो एक परिश्रमी किसान है जो अपने खेतों में एक जानवर की तरह मेहनत से कार्य करता है। वह लिखना भी जानता है। वह बरसात की भविष्यवाणी करता है और उसका स्वागत करता है। ओले गिरने पर वह दुःखी होता है। ईश्वर में उसकी अटूट आस्था है। फसल नष्ट होने पर वह ईश्वरीय मदद की आशा करता है। उसका विश्वास है कि कोई भी भूख से नहीं मरता है। वह अपनी मदद के लिए ईश्वर को पत्र लिखता है। इस प्रकार वह सरल स्वभाव का भी है।

**Q. 11. Why does the postmaster send money to Lencho? डाकपाल, लेन्चो को धनराशि क्यों भेजता है?**

Ans. The postmaster was a kind and helpful person. Since the letter was addressed to God, the Postmaster opened it and went through it. He appreciated Lencho's unshakable faith in God and wanted to keep his faith intact. Therefore, he collected seventy Pesos with the help of his employees and sent the money to Lencho after signing the envelope with one word, 'God' so that Lencho might believe that God had answered his letter.

डाकपाल एक दयालु व मददगार व्यक्ति था। चूँकि पत्र पर ईश्वर का पता था, डाकपाल ने इसे खोला और पढ़ा। उसने लेन्चो के ईश्वर में अडिग विश्वास की प्रशंसा की तथा वह उसके विश्वास को क्षतिरहित रखना चाहता था। इसलिए उसने अपने कर्मचारियों की मदद से 70 पेसोज एकत्रित किये व लिफाफे पर एक शब्द में 'परमात्मा' लिखकर धन लेन्चो को भेज दिया ताकि लेन्चो यह विश्वास करें कि ईश्वर ने उसके पत्र का जवाब दिया था।

MGGS Bhiwakhedi

**Short 10. Who according to Mandela, is courageous and brave?**
**मंडेला के अनुसार साहसी व पराक्रमी कौन है?**

Ans. According to Mandela, courageous and brave is he who triumphs over the fear he has. A brave and courageous man is not the one who does not feel afraid.

मंडेला के अनुसार साहसी व पराक्रमी वह है जो डर पर विजय कर लेता है। एक साहसी व पराक्रमी व्यक्ति वह नहीं होता जो भयभीत महसूस नहीं करता है।

**Long Q. 5. How was Mandela overwhelmed with a sense of history?**
**मंडेला किस प्रकार इतिहास की समझ से अभिभूत थे?**

Ans. Mandela said that he was overwhelmed with a sense of history on the day of inauguration. He was reminded of how in the first decade of 20th century, before his own birth, the white-skinned people of his country became united and erected a system of racial domination against the dark-skinned people of their country. They created the harshest, most inhumane society based on that system.

मंडेला ने कहा कि उद्‌घाटन के दिन वह इतिहास की समझ से अभिभूत हो गए। उन्हें याद आया कि किस प्रकार 20वीं शताब्दी के प्रथम दशक में, उनके जन्म से पूर्व, उनके देश के श्वेत चमड़ी वाले लोगों ने सके ? एकता बनाई तथा उनके देश के काली चमड़ी वाले लोगों के विरुद्ध प्रजातीय प्रभुत्व की एक व्यवस्था खड़ी कर दी थी। उन्होंने सर्वाधिक कठोर एवं अमानवीय समाज की रचना इस व्यवस्था के आधार पर कर डाली थी।

**Long Q. 10. What different concepts of freedom did Mandela have at different stages of life?**
**जीवन की विभिन्न अवस्थाओं में मंडेला की स्वतंत्रता के बारे में भिन्न-भिन्न धारणाएँ क्या थीं?**

Ans. As a child Mandela was free to run in the fields near his mother's hut and free to swim in the clear stream. As a student, he wanted freedom for himself. The transitory freedom of being able to stay out at night, read what he pleased and go where he liked. As an adult, his understanding of freedom evolved to include the freedom to raise a family. Finally he realised that the freedom of all Black people was curtailed. He developed a hunger for the freedom of his people.

बचपन में मंडेला अपनी माँ की झोंपड़ी के पास खेतों में दौड़ने तथा साफ नदियों में तैरने के लिए आजाद थे। एक छात्र के रूप में, वह अपने लिए आज़ादी चाहते थे। रात में बाहर रहने, जो दिल चाहे उसे पढ़ने और जहाँ मन करें वहाँ जाने की अस्थायी आज़ादी। एक वयस्क के रूप में, आजादी के बारे में उनकी समझ विकसित हुई और इसमें परिवार पालने की आजादी भी शामिल हो गई। अंततः उन्हें एहसास हुआ कि सभी अश्वेत लोगों की आज़ादी पर रोक लगा दी गई है। उन्होंने अपने लोगों की आज़ादी के लिए भूख विकसित की।

MGGS Bhiwkhedi

## His First Flight

**Short Q. 1. Why was the young seagull alone on the ledge?**
**किशोर सीगल चट्टान-शिला पर अकेला क्यों था?**

Ans. The young seagull was alone on the ledge because his family members had flown to the opposite cliff but he was scared to fly.
किशोर सीगल चट्टान-शिला पर इसलिए अकेला था क्योंकि उसके परिवार के सदस्य सामने वाली चट्टान पर उड़ गये थे किन्तु वह उड़ने से भयभीत था।

**Short Q. 7. How did the young seagull enjoy his first flight?**
**किशोर सीगल ने अपनी प्रथम उड़ान का आनंद कैसे लिया?**

Ans. When the young seagull was falling downwards, his wings spread outwards automatically and cut the winds. Consequently, he was flying and enjoying shrieking shrilly. He cawed amusedly.
जब किशोर सीगल नीचे की तरफ गिर रहा था तो उसके पंख स्वतः ही खुल गये तथा पवन को काटने लगे। परिणामस्वरूप वह उड़ने लगा तथा आनंदपूर्वक तीक्ष्ण चीखने लगा। वह आनंद से काँव-काँव करने लगा।

**Long Q. 5. What did the young seagull see on the opposite cliff?**
**किशोर सीगल ने सामने वाली खड़ी चट्टान पर क्या देखा?**

Ans. On the opposite cliff, he saw his two brothers and sister lying on the plateau dozing with their heads sunk into their necks. His father was preening the feathers on his white back. Only his mother was looking at him. She was standing on a little high hump on the plateau, her white breast thrust forward. Now and again, she tore a piece of fish that lay at her feet.
सामने वाली खड़ी चट्टान पर उसने दोनों भाइयों तथा बहिन को पठार पर लेटे हुए तथा अपनी गर्दनों में अपने सिरों को छिपाए हुए नींद लेते हुए देखा। उसके पिता अपनी पीठ के सफेद पंखों को चोंच से साफ कर रहे थे। केवल उसकी माँ उसकी ओर देख रही थी। वह पठार पर थोड़े ऊँचे उभरे भाग पर अपनी सफेद छाती को आगे झुकाए खड़ी थी। बार-बार, उसने एक मछली के टुकड़े को चीरा जो उसके पैरों के पास पड़ा था

## Black Aeroplane

**Short Q. 5. How did the strange black aeroplane help the narrator pilot?**
**उस काले अजनबी विमान ने वर्णनकर्त्ता पायलेट की सहायता कैसे की?**

Ans. The pilot of another aeroplane indicated the narrator pilot to follow him. It turned northward slowly. Then it started to go down. The narrator pilot thus came out of clouds and on the runway where he landed safely.
उस अजनबी काले विमान ने अनुसरण करने का संकेत दिया। यह धीरे-धीरे उत्तर दिशा की तरफ मुड़ गया। फिर इसने नीचे जाना आरम्भ कर दिया। इस प्रकार वर्णनकर्त्ता पायलेट बादलों से बाहर आ गया तथा रनवे पर आ गया जहाँ वह सुरक्षित उतर गया।

MGGS Bhuwakhedi

**Lesson 4 From the Diary of Anne Frank (Additional Questions)**

**Short Q. 1. Where did Anne Frank hide during German occupation?**
**जर्मन कब्जे के दौरान ऐन फ्रेंक कहाँ छुपी थी?**

Ans. Anne Frank hid in hidden rooms in her father Otto Frank's office building in Amsterdam during the German occupation of the Netherlands in World War II.

द्वितीय विश्व युद्ध में नीदरलैंड पर जर्मन कब्जे के दौरान ऐन फ्रेंक अपने पिता ओटो फ्रेंक के एम्स्टर्डम स्थित कार्यालय भवन के गुप्त कमरों में छिपी रहीं।

**Long Q. 1. How does Anne feel about her father and Mr. Keesing?**
**ऐन अपने पिता और मि. कीसिंग के बारे में कैसा महसूस करती है?**

Ans. Anne has found memories of her father and Mr. Keesing, who have left indelible impressions on her mind and affected her life a lot. The way she represents Ans. Anne has fond memories of her father and Mr. Keesing, who have left at developing inter-personal relations. She feels her father to be the most adorable father she has ever seen.

ऐन अपने पिता और श्रीमान कीसिंग के बारे में पसंदीदा यादें रखती है, जिन्होंने उसके मन पर अमिट छाप छोड़ी है और उसके जीवन को बहुत प्रभावित किया है। जिस तरह से वह उन दोनों को अपनी डायरी में प्रस्तुत करती है वह यह दर्शाता है कि एन लोगों को समझने में और पारस्परिक सम्बन्ध विकसित करने में बहुत निपुण थी। वह महसूस करती है कि उसके पिता सबसे प्यारे पिता है जो उसने कभी देखे है।

**Long Q. 3. Why did Anne start to write in a diary?**
**एन ने डायरी में लिखना क्यों प्रारम्भ किया?**

Ans. Anne says that she did not have any intimate friend in whom she could confide her secret thoughts and feelings. It is not that she was alone. She had her parents, who were very loving, an elder sister and about thirty people whom she could call friends. But she had no true friend. The diary was going to be something like a true friend to her. Therefore, she wanted to write a diary.

ऐन कहती है कि उसका कोई घनिष्ठ मित्र नहीं था जिसे वह उसके गोपनीय विचारों तथा भावनाओं को बता सकती। ऐसा नहीं था कि वह अकेली थी। उसके माता-पिता थे, जो उसके प्रति प्रेम रखते थे, एक बड़ी बहिन थी और करीब 30 ऐसे लोग थे जिन्हें वह मित्र कह सकती थी। लेकिन उसके सच्चा मित्र नहीं था। डायरी उसके लिए सच्चा मित्र बनने वाली थी। इसलिए वह डायरी लिखना चाहती थी।

MGS Bhiwakhedi